प्रेषक,

निदेशक
प्रशासन एवं विकास
पशुपालन विभाग
उत्तर प्रदेश लखनऊ ।

सेवा में,

समस्त अपर निदेशक,ग्रेड-2(मण्डल)
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश ।

पत्रांक:- 143 /491(123/8)/20वीं पशुगणना दिनांक 16.8.18

विषय: - 20वीं पशुगणना में टैबलेट के प्रयोग हेतु प्रत्येक मण्डल के एक अधिकारी/कर्मचारी के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के कम में अवगत कराना है कि 20वीं पशुगणना कार्यकम के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों को टैबलेट पीसी का वितरण किया जा चुका है उक्त टैबलेट पीसी में पशुगणना का साफ्टवेयर चलाने तथा पशुगणना से सम्बन्धित एल. जी. डायरेक्टरी, अन्य कियाकलापों के जानकारी देने हेतु एक दिवसीय मीटिंग/प्रशिक्षण दिनांक 24-8-2018 को निदेशालय के नवीन प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में पूर्वान्ह 10:00 बजे आयोजित किया गया है । उक्त प्रशिक्षण में प्रत्येक मण्डल से मात्र एक अधिकारी/कर्मचारी जो कम्प्यूटर/पीसी चलाने के कार्य से भिज्ञ हो, को प्रतिभाग करना है । प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उक्त अधिकारी/कर्मचारी को अपने मण्डल में जाकर अपने अधीनस्थ जनपदों से प्रत्येक जनपद से एक-एक प्रतिनिधि को दिनांक 27-8-2018 को प्रशिक्षण देना होगा । उक्त प्रशिक्षण में जनपदों द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके जनपद के सभी गांव/वार्ड, एल.जी. डायरेक्टरी शामिल हो । यदि किसी जनपद का कोई गांव/वार्ड छूटा हो तो तत्काल निदेशालय को अवगत करायेंगे ।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ।

भवदीय,

(डा0 चरण सिंह यादव)
निदेशक
प्रशासन एवं विकास

पत्रांक:- /491(123/8)/20वीं पशुगणना दिनांक

प्रतिलिपि:- समस्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(डा0 चरण सिंह यादव)
निदेशक
प्रशासन एवं विकास